हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–278 : जौनपुर, सोमवार 14 फरवरी 2022 — सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) — पेज –4 मूल्य : 2 रूपया


## दंगे देखने वाले सपा–बसपा को वोट नहीं देंगे : योगी

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि पहले चरण के चुनाव में भाजपा को सभी वर्गों का जबर्दस्त समर्थन मिला है। पहले चरण में जातिवाद और किसान आंदोलन के नाम पर मतदाताओं में भ्रांतियां पैदा करने की विपक्ष की मंशा निष्फल हो गई। सीएम योगी का दावा है कि आगे के चरणों में भी यह सिलसिला जारी रहेगा और भाजपा 2022 में भी 2017 की पुनरावृत्ति करेगी। ध्रुवीकरण के सवाल पर उनका कहना है कि भाजपा को इसकी जरूरत ही नहीं है, क्योंकि महिलाएं, युवा, व्यापारी, किसान सभी उसके साथ हैं। योगी के अनुसार रामपुर में मो. आजम खां भाजपा के लिए कोई चुनौती नहीं हैं। उन्होंने चुटकी ली कि अखिलेश यादव कब चाहते थे कि आजम खां बाहर हों? हिजाब को लेकर चल रहे विवाद पर वह कहते हैं कि देश की व्यवस्था संविधान से चलनी चाहिए, शरीयत से नहीं। कोई मत, मजहब, संप्रदाय, देश से बड़ा नहीं हो सकता। पहले चरण के चुनाव हो गए हैं, क्या संभावना दिखाई दे रही है? पहले चरण में जनता जनार्दन, खास तौर पर महिलाओं ने जिस तरह से भाजपा को अपना आशीर्वाद दिया, उसने हमारे प्रत्येक कार्यकर्ता को उत्साहित किया है। विपक्ष की ओर से जातिवाद के आधार और किसान आंदोलन के नाम पर जो भ्रांतियां पैदा की जा रही थीं, वह सभी निष्फल हुई हैं। विपक्ष की मंशा सफल नहीं हो पाई। प्रथम चरण के चुनाव ने साबित कर दिया है कि भाजपा 2017 की पुनरावृत्ति 2022 में भी कर रही है। पहले दौर के चुनाव के क्या सबक हैं क्या भाजपा अपनी रणनीति में कोई बदलाव करेगी? – चुनाव के प्रति भाजपा जितनी सजग है, उससे भी ज्यादा सजग हमारे समर्थक व मतदाता हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में हमारा अभियान लगातार आगे बढ़ रहा है। सुरक्षा का बोध, गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ, कोरोना प्रबंधन और बिना भेदभाव के विकास के जो कार्य हुए हैं, उससे समाज का प्रत्येक तबका बहुत उत्साहित है। सभी का समर्थन और आशीर्वाद भाजपा को प्राप्त हो रहा है। अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा ने पहले चरण में ध्रुवीकरण का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो पाई। आपका क्या मानना है? – हमें ध्रुवीकरण करने की आवश्यकता ही क्या है? दंगामुक्त, भयमुक्त वातावरण भाजपा की डबल इंजन सरकार की देन है। यह तो हरेक बेटी, हरेक महिला के मुंह से आप सुन सकते हैं। वे स्वयं ही हमारे पक्ष में ध्रुवीकृत थीं। महिलाएं,युवा, व्यापारी, हर किसान, सभी भाजपा के समर्थन और पक्ष में थे। पार्टी लाइन से हटकर जाति, धर्म, मजहब से ऊपर उठकर महिलाओं ने भाजपा के पक्ष में मतदान किया है। अखिलेश यादव कानून–व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कह रहे हैं कि माफिया हमारे नहीं भाजपा के साथ हैं? – देखिए, जब माफिया के ऊपर बुलडोजर चलते हैं तो सपा व अन्य दलों की पीड़ा उस समय देखने को मिलती है। ये चीजें दिखाती हैं कि इनकी संवेदना गरीब, किसान, महिलाओं की सुरक्षा और नौजवान के प्रति नहीं है। इनकी संवेदना गरीबों की योजनाओं व विकास की योजनाओं पर डकैती डालने वाले पेशेवर अपराधियों, माफिया और दंगाइयों के प्रति है। टिकटों की जो सूची जारी हुई है, उससे भी यह स्पष्ट होता है। हिजाब विवाद पर भाजपा का क्या रुख है? – हम लोगों का यह मानना है कि देश की व्यवस्था संविधान से चलनी चाहिए, शरीयत से नहीं। कोई मत, मजहब, संप्रदाय, देश से बड़ा नहीं हो सकता। मेरी व्यक्तिगत आस्था मेरे पास होनी चाहिए, मेरे घर में होनी चाहिए, मेरे स्वयं के दायरे में रहनी चाहिए। हम उसको संविधान से बड़ा बनाने का प्रयास न करें। कई ओबीसी नेता भाजपा छोड़कर गए हैं। इसका चुनाव पर कितना असर पड़ेगा? चुनाव के दौरान हर व्यक्ति एक मंशा पाले बैठा रहता है। भाजपा वंशवाद, परिवारवाद और जातिवाद पर विश्वास नहीं करती है। हम राष्ट्रवाद की बात करते हैं, तो विपक्ष परिवारवाद व जातिवाद की बात करता है। हम विकासवाद की बात करते हैं, तो वे संप्रदायवाद की बात करते हैं। हम लोक कल्याण की बात करते हैं, तो वे तुष्टीकरण की बातें करते हैं। ये फर्क साफ दिखता है। कुछ लोग इस मंशा से आए थे कि पूरे खानदान को टिकट दिलवा दें। जब उनकी मंशा पूरी होती नहीं दिखी, तो उन्होंने दूसरी तरफ का रुख किया है। उनसे पूछा जाना चाहिए कि कितने संतुष्ट हैं। आपने 80 बनाम 20 का मुद्दा उठाया है। इसके अलग–अलग अर्थ निकाले जा रहे हैं। क्या मायने हैं इसके? – जो सुरक्षा का पक्षधर है, जो विकास का पक्षधर है, गरीब कल्याण योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने का पक्षधर है, सबका साथ, सबका विकास की भावना पर जो विश्वास करते हैं, वे 80 फीसदी हैं। जो पेशेवर माफिया, अपराधी, दंगाई व भ्रष्टाचारी हैं या इनका समर्थन करते हैं वे 20 प्रतिशत होंगे। यह 80 बनाम 20 प्रतिशत की लड़ाई है। पहले चरण के मतदान में यह बहुत अच्छे ढंग से देखने को मिला है। रुहेलखंड को लेकर क्या विजन रहेगा आपकी सरकार का? – हमने विकास की परियोजनाओं को प्रभावी ढंग से पूरे प्रदेश में बिना भेदभाव के देने का काम किया है। पश्चिम हो या रुहेलखंड पहले यहां व्यापक दंगे होते थे। 2003 से 2017 के बीच जब सपा, बसपा की सरकारें रहीं, इन क्षेत्रों में हजारों दंगे हुए। इन दंगों में व्यापक जनधन की हानि हुई थी। हमारी सरकार ने दंगों को सख्ती के साथ रोका। बेटियां स्कूल नहीं जा पाती थीं, महिलाएं बाजार नहीं जा पाती थीं। हमने भयमुक्त वातावरण दिया। अब यह क्षेत्र प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रहा है। हम लोग जनता के दरबार में अपील कर रहे हैं कि सुरक्षा, सम्मान और विकास का अभियान चला है। दंगा और कर्फ्यू का स्थान आज आस्था और कांवड़ जैसी यात्राएं ले रही हैं। कोरोना भी आज यहां की प्रगति को नहीं रोक पा रहा है। सुरक्षा, विकास व गरीब कल्याण का जो क्रम डबल इंजन की सरकार ने प्रारंभ किया है, वह अनवरत बना रहे, इसके लिए भाजपा की सरकार यूपी में आवश्यक है। घोषणापत्र में कर्मचारियों के बारे में कुछ नहीं कहा गया है, कैसे समझाएंगे कर्मचारियों को? – भाजपा का लोक कल्याण संकल्प पत्र 25 करोड़ जनता की भावनाओं का प्रतिनिधित्व करता है।16 लाख कर्मचारी इसी प्रदेश के नागरिक हैं। जो प्रदेश के हित में है, वह कर्मचारियों के हित में है। यूपी के सरकारी कर्मचारियों को समय से वेतन देने, कोरोनाकाल खंड में उनके वेतन में कोई कटौती न करने वाली यूपी सरकार देश की चुनिंदा सरकारों में से एक है। सपा–बसपा गुमराह करके कर्मचारियों को बहकाना चाहती हैं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि सरकारी कर्मचारी उनके बहकावे में आएंगे। नई पेंशन योजना तो सपा सरकार ने ही लागू की थी। लेकिन उन्होंने कर्मचारियों का खाता नहीं खोला। राज्य सरकार की तरफ से जो कर्मचारी अंशदान था, वह जमा ही नहीं कराया गया। हमारी सरकार आने के बाद हर कर्मचारी का खाता खोला गया। राज्य का अंशदान 10 से बढ़ाकर 14 प्रतिशत किया गया। कोरोनाकाल खंड में बिना कटौती के समय पर वेतन और टीए–डीए का भुगतान किया गया। रामपुर में आजम खां कितनी बड़ी चुनौती हैं? – आजम खां हमारे लिए पहले भी चुनौती नहीं थे और आज भी नहीं हैं। जैसी करनी–वैसी भरनी। अखिलेश आरोप लगा रहे हैं कि आजम को गलत तरीके से फंसाया गया है? – उनका यह वक्तव्य न्यायालय की अवमानना है। न्यायालय ने उनके कृत्यों के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई की है। अखिलेश यादव कब चाहते थे कि आजम खां बाहर हों? तमाम सीटों पर अभी प्रत्याशी घोषित नहीं हो पाए हैं। भाजपा के साथ गठबंधन करने वाले दलों के सीटों की स्थिति भी साफ नहीं हो पाई है। क्या पेच फंसा है? – हमारे यहां सीटों को लेकर कोई विवाद नहीं है। गठबंधन के दलों के साथ जिन मुद्दों पर चर्चा हुई है, उसके अनुरूप सभी सीटों का बंटवारा हो चुका है। हमारे यहां सीटों पर कहीं कोई विवाद नहीं है। बड़ी संख्या में पद खाली हैं। सरकारी नौकरी को लेकर युवा लगातार सवाल उठा रहे हैं? – हमारी सरकार ने बिना भेदभाव के पांच लाख सरकारी नौकरियां दी हैं। इतनी नियुक्तियां तो 2003 से 2017 तक 14 वर्षों में भी नहीं हो पाई थीं। ओडीओपी के तहत एमएसएमई सेक्टर में 1.61 करोड़ नौजवानों को रोजगार और नौकरी उपलब्ध कराई गई है। परंपरागत हस्तशिल्पियों और कारीगरों को बैंकों से जोड़कर 60 लाख उद्यमियों को स्वतः रोजगार से जोड़ने में भी मदद मिली है। 2016–17 में प्रदेश में बेरोजगारी दर 18 फीसदी थी, जो आज तीन प्रतिशत रह गई है। अभी इसमें बहुत कुछ किए जाने की आवश्यकता है। हम लोगों के समय में पारदर्शी तरीके से भर्तियां हुई हैं। एक भी भर्ती में कोई लेन–देन की बात नहीं कर सकता। कोई भ्रष्टाचार नहीं। लेकिन इसमें और तेजी लाने की आवश्यकता है और इसके लिए हमारी सरकार ने पूरी रणनीति बनाई है। इसे और तेजी से बढ़ाएंगे। हरेक युवा को उसकी योग्यता के अनुसार अवसर मिलना चाहिए, सरकार इसकेलिए पूरी तरह से सजग है। कोरोना जैसे कालखंड में भी हम लोगों ने एक करोड़ युवाओं को टैबलेट और स्मार्ट फोन देने की कार्यवाही शुरू की है। अगले पांच वर्षों में इसे दो करोड़ पहुंचाने के लक्ष्य के साथ हम काम कर रहे हैं। छुट्टा पशुओं की समस्या का समाधान नहीं हो पाया? – यह कहना गलत है कि इसका हल नहीं निकाला गया। हमारी सरकार नौ लाख गोवंश की वर्तमान में देखभाल कर रही है। प्रदेश में 5500 से अधिक गौशालाएं बनाई गई हैं। जिसे सरकार संचालित करती है। दूसरी सहभागिता योजना है, जिसके तहत कोई भी किसान चार गोवंश तक अपने यहां रख सकता है। सरकार की ओर से उसे प्रति गोवंश 900 रुपये प्रतिमाह दिए जाते हैं। तीसरा पोषण मिशन के तहत कुपोषित परिवार को एक दूध देने वाली गाय दी जाती है। उसकी देखभाल के लिए 900 रुपये प्रतिमाह दिया जाता है। आने वाले समय में दो और योजनाएं शुरू होने जा रही हैं। एक नस्ल सुधार कार्यक्रम है और दूसरा हरेक गो आश्रय स्थल की क्षमता बढ़ाकर दोगुनी करने की है। चुनाव में सरकार के खिलाफ कम, स्थानीय विधायकों को लेकर ज्यादा नाराजगी है। क्या कहेंगे?– वोट कमल के फूल को देना चाहिए जनता को। निर्णय सरकार करती है। सरकार ने बिना भेदभाव के विकास कराया है, सुरक्षा दी है। सरकार पूरी मजबूती के साथ इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाएगी।

## बिजनौर में दो गुटों में मारपीट : सहारनपुर में पीठासीन अधिकारी की हार्ट अटैक से मौत

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश संभल में ग्रामीणों ने किया मतदान बहिष्कार संभल के असमोली ब्लॉक के गांव खेमपुर के ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया है। ग्रामीणों का यह विरोध मुख्य रास्ते को लेकर है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से गांव का मुख्य रास्ता खराब पड़ा है। चुनाव के समय जनप्रतिनिधि आते हैं और आश्वासन देकर लौट जाते हैं। लेकिन मुख्य रास्ते का सुधार कभी नहीं कराया गया। इसी के चलते ग्रामीणों ने एक राय होकर मतदान बहिष्कार का एलान किया है। मौके पर मौजूद एसडीएम और अन्य कर्मचारी ग्रामीणों को मनाने का प्रयास कर रहे हैं। नरौली में विकास कार्यों को लेकर ग्रामीणों ने किया मतदान का बहिष्कार संभल जनपद की चंदौसी विधान सभा क्षेत्र के गांव नसीरपुर नरौली में ग्रामीणों ने विकास कार्य न होने के विरोध में मतदान का बहिष्कार कर दिया है। गांव के प्राथमिक विद्यालय में बने मतदान केंद्र पर सुबह से दो लोगों ने वोट डाले हैं। सुबह से बूथ खाली पड़े है। मतदान अधिकारी व कर्मचारी खाली बैठे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव अकरौली और बनियाखेड़ा के प्रथमा बैंक के पास से गांव को जोड़ने वाले दो मुख्य मार्ग हैं। दोनों मार्गो की हालत



खस्ता है। गांव के अंदर के रास्ते भी खराब है। विकास कार्य न होने पर ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार कर दिया है। सहारनपुर में पीठासीन अधिकारी की हृदयाघात से मौत सहारनपुर के नकुड़ विधानसभा के सरसावा थाना इलाके के गांव ढिक्का के बूथ नंबर 117 के पीठासीन अधिकारी की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष सरसावा धर्मेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि पीठासीन अधिकारी राशिद अली (55) सहारनपुर जिले के कैलाशपुर गांव के रहने वाले थे और शिक्षक थे।

## पुलवामा शहीद दिवस पर आप सबका बलिदान समाज पर ऋण है : उर्वशी सिँह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : संत गुरु पद सम्भव राम एकेडमी विधालय सिटी स्टेशन जौनपुर मे 14 फरवरी को जम्मू कश्मीर में तीन साल पहले हुए पुलवामा हमले की बरसी पर आज अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट परिवार के तरफ से श्रद्धांजली और वृक्षारोपण का कार्य किया गया! विद्यालय में ट्रस्ट की तरफ से शहीदों के याद मे वृक्षारोपण किया गया और कैंडल जलाकर मौन रखकर स्कूल के छात्र और शिक्षक और शिक्षिकाओं के साथ सभी सदस्यों ने श्रद्धांजलि दिया! उर्वशी सिंह ने शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि आप सबका बलिदान समाज पर ऋण है.!मां भारती के अमर वीर सपूतों को शत–शत नमन.आप सभी का त्याग आतंकवाद के विरुद्ध हम सभी को एकजुट करता है.! वही विद्यालय के प्राचार्य श्री पंकज सिँह जी ने कहा कि उनकी बहादुरी और सर्वोच्च बलिदान प्रत्येक भारतीय को एक मजबूत और समृद्ध देश की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता है।' मीरा अग्रहरी ने कहा कि'पुलवामा में आज के दिन अपनी जान गंवाने वाले हमारे सभी वीर जवानों को मेरी भावभीनी श्रद्धांजलि. हम उनके और उनके परिवारों के सर्वोच्च बलिदान के लिए हमेशा ऋणी रहेंगे.' इसके साथ ही उर्वशी सिँह ने राज्य में होने वाले मतदान के लिए भय मुक्त और दंगा मुक्त राज्य के लिए मतदान करने की अपील की! गौरतलब है कि आज के ही दिन 2019 में आतंकियों ने पुलवामा में सैनिकों की बस



पर आतंकी हमला किया था. इस हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए थे और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे. जैश–ए–मोहम्मद के एक आतंकी ने राज्य के पुलवामा जिले में विस्फोटकों से लदे वाहन से सीआरपीएफ के जवानों की एक बस को टक्कर मार दीथी और बस से जा रहे सीआरपीएफ जवान इस हमले में शहीद हो गए थे. इस घटना के बाद देश में पाकिस्तान के खिलाफ बड़ा गुस्सा देखने को मिला था.! श्रद्धांजलि सभा मे विद्यालय के उप प्रधानाचार्य डॉ हेमंत कुमार सिंह, श्री के पी सिंह, पी एन पांडे, प्रेम प्रकाश सिंह, इंदु प्रकाश सिंह, स्वतंत्र उपाध्याय, संतोष तिवारी, अर्चना श्रीवास्तव, रेणु सिंह, और संध्या सिंह जी भी मौजूद रही।

## जगदगुरु रामानंदाचार्य समाजवाद के जनक थेः भगवदाचार्य

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सनातन धर्म परिषद के संयोजन में गोमती नगर स्थित हिंदी मीडिया सेंटर में सनातन धर्म परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ भगवदाचार्य जी महाराज की अध्यक्षता में जगद्गुरु रामानंदाचार्य और भारतीय संस्कृति विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर स्वामी भगवदाचार्य जी महाराज ने कहा कि जगतगुरु रामानंदाचार्य समाजवाद के जनक थे। उन्होंने जात पात पूछे नहि कोई, हरि का भजे सो हरि का होई ।उन्होंने स्वामी राघवानंदाचार्य को गुरु रुप में वर्णन करके पंचगंगा घाट काशी में ज्ञानार्जन किया और द्वादश शिष्यों को द्वादश आदित्य ( शिष्य ) के रूप में स्वीकार करके समग्र विश्व का उपकार किया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर त्रिभुवन नाथ शुक्ला पूर्व आचार्य एवं अध्यक्ष हिंदी एवं भाषा विज्ञान विभाग रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर मध्य प्रदेश ने कहा कि तीर्थराज प्रयाग की पावन धरती पर कुलीन सरयूपारीण ब्राह्मण के यहां पुण्य सदन शर्मा और सुशीला देवी के यहां भगवान राम ही रामानंदाचार्य के रूप में अवतरित होकर लोक कल्याण किया। उनका वैष्णव मताब्ज भास्कर अत्यंत पठनीय है। वरिष्ठ पत्रकार वीर विक्रम बहादुर मिश्र



ने कहा कि जगद्गुरु रामानंदाचार्य को हम लोगों ने अभी जाना ही नहीं केवल शिष्यों को ही पढ़ा इसलिए यह समस्याएं आ रही ।अगर उन्हें समझे होते तो इस तरह भेदभाव ,ऊंच–नीच की भावना ना आती ।उन्होंने कहा कि पुनः जगदगुरू रामानंदाचार्य पर लखनऊ में एक बड़ा सम्मेलन कराया जाए। वरिष्ठ पत्रकार रामसागर शुक्ल ने कहा कि जाति प्रथा समाप्त नहीं हो सकती लेकिन इसके ऊपर हम लोगों को सामाजिक व्यवस्था के आधार पर विकास करना चाहिए। डॉक्टर अरुणेंद्र चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि रामानंदाचार्य आज भी प्रासंगिक हैं। वरिष्ठ पत्रकार जेपी शुक्ला ने सत्यमेव जयते की व्याख्या की।आचार्य आर एल पाण्डेय ने कहा कि जगद्गुरु रामानंदाचार्य के बारे में युवा पीढ़ी को भी बताया जाना चाहिए। अंत में पंकज तिवारी ने आभार व्यक्त किया।


## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक


## गोमतीनगर जन कल्याण महासमिति की बैठक संपन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। आईएमआरटी विपुल खंड में गोमतीनगर जन कल्याण महासमिति की बैठक संपन्न हुई। करीब 200 पदाधिकारियों, विभिन्न उपखंड समितियों के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं



कुछ अन्य सदस्य उपस्थित थे। बैठक में महासमिति के महासचिव डॉ राघवेंद्र शुक्ल ने महासमिति द्वारा किए हुए कार्य एवं महा समिति की उपलब्धियों के सम्बन्ध में सभी को संक्षेप में बतायाय जैसे गोमती नगर रेलवे स्टेशन का अंतर्राष्ट्रीय स्तर का नवीनीकरण, समता मूलक चौराहा से लक्ष्मण पुरी, रविन्द्र पल्ली की तरफ जाने के लिए फ्लाईओवर, कठौता झील में प्रर्याप्त पानी की सप्लाई एवं अन्य कार्य जैसे सड़कों की मरम्मत, नालियों को जोड़ना, पार्कों का जीर्णोधार एवं उनके सबमर्सिबल पंप की मरम्मत इत्यादि कार्य तदुपरांत कोषाध्यक्ष श्री पी. आर. पाण्डेय जी ने आय और व्यय का लेखा पेश किया जो सर्व सम्मति से पारित हुआ। तदुपरांत न्यायमूर्ति जी डी अग्रवाल (सेवानिवृत्त, उच्च न्यायालय ) जो गोमतीनगर जन कल्याण महासमिति के पदाधिकारियों के चुनाव हेतु मुख्य निर्वाचन अधिकारी भी हैं, का आगमन हुआ, जिनका स्वागत बुके देकर जय नारायण मिश्र ने किया। अब चुनाव की प्रक्रिया को प्रारंभ करने के लिए न्यायमूर्ति जी डी अग्रवाल ( सेवा निवृत्त ) ने मंच से यह घोषणा किया कि यद्यपि अभी तक सभी पदों के लिए अभ्यर्थियों की सूची आ चुकी है फिर भी यदि किसी भी पद के लिए कोई भी व्यक्ति अभी भी अपना नाम देना चाहे तो वह उसको स्वीकार करेंगे। इस बात की घोषणा मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मंच से तीन बार किया, लेकिन किसी अन्य प्रत्याशी का नया नामांकन नहीं आया। तब मुख्य निर्वाचन अधिकारी ( न्यायमूर्ति जी डी अग्रवाल ) ने यह घोषणा किया कि सभी चुनाव निर्विरोध हो रहा है। तब उन्होंने चुने हुए पदाधिकारियों के नाम की घोषणा मंच से ही किया जो निम्नलिखित हैः १. अध्यक्षः – प्रो. ( डॉ.) बी. एन. सिंह २. उपाध्यक्षः डॉ. पशुपति पाण्डेय राकेश त्यागी ३. महासचिवः – डॉ राघवेंद्र शुक्ल ४. सचिवः – सी. गोपाल कृष्ण नायर, के के मौर्य, आलोक मिश्र, कर्नल ए. एन. पाण्डेय, कोषाध्यक्षः– पी. आर. पाण्डेय ६. संगठन सचिवः– शिव सेवक उपाध्याय , आर. एन. त्रिवेदी अरुण कुमार, ७. सांस्कृतिक सचिवः– आर. डी. मौर्य, ८. क्रीड़ा सचिवः– श्रीमती नंदिनी मिश्रा ६. प्रचार सचिवः– अजय तिवारी तदुपरांत मुख्य चुनाव अधिकारी ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद के अनुसार दायित्व निर्वहन की शपथ दिलवाई। मुख्य चुनाव अधिकारी के जाने के पश्चात वहां पर समिति के सभी पदाधिकारियों को बधाई देने के लिए माननीय मंत्री आशुतोष टंडन, विधायक पद के भाजपा प्रत्याशी रजनीश गुप्ता, युवा नेता नीरज सिंह आकर चयनित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई देने के पश्चात् उपस्थित सभी लोगों को बताया कि आप सब अपने आसपास के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित अवश्य करें एवं सभी से मतदान करने की अपील किया। आगंतुक नेतागण ने पहले मतदान तब जलपान पर जोर दिया। तदुपरांत सभी जलपान कर प्रस्थान कर गए। वहां की सम्पूर्ण कार्यवाही समाप्त करने के पश्चात् गोमतीनगर जन कल्याण महासमिति के महासचिव डॉ. राघवेंद्र शुक्ल, उपाध्यक्ष डॉ. पशुपति पाण्डेय, सचिव सी. जी. नायर, के. के. मौर्य, कर्नल ए. एन. पाण्डेय, संगठन सचिव शिव सेवक उपाध्याय, सांस्कृतिक सचिव आर. डी. मौर्य, क्रीड़ा सचिव श्रीमती नंदनी मिश्रा एवं प्रचार सचिव अजय तिवारी विनम्र खंड के सभी पदाधिकारियों के साथ विनम्र खंड स्थित सामुदायिक केंद्र पर आकर वहां आने वाले भाजपा प्रत्याशी योगेश शुक्ल के लिए व्यवस्था किया। यहां डॉ. राघवेंद्र शुक्ल ने सभी उपस्थित लोगों को हाथ आगे बढ़ाकर यह शपथ दिलवाई की मतदान के दिन पहले मतदान करेंगे फिर जलपान करेंगे एवं अपने आसपास के कम से कम 10 घर के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। भाजपा से विधायक प्रत्याशी योगेश शुक्ल भी वहां आए। उन्होंने भी अपनी बात रखी तथा बताया कि मैं कार्य कर्ता हूं, कार्य कर्ता ही रहूंगा। आप सब भाजपा के पक्ष में वोट दीजिए और अन्य सभी से भी दिलवाइए। पुनश्च गोमती नगर जनकल्याण महासमिति के समस्त पदाधिकारियों / सदस्यों / उप खंड समितियों के सदस्यों को अवगत कराया जाता है कि कल दिनांक 14–2–2022 (सोमवार) को प्रातः 9 बजे प्रकाश बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, विशाल खंड– 1, गोमती नगर के प्रांगण से मतदाता जागरूकता रैली निकाली जाएगी। इस कार्यक्रम में आप सभी की सहभागिता प्रार्थनीय है। डॉ. पशुपति पाण्डेय,उपाध्यक्ष, गोमती नगर जनकल्याण महासमिति ने उक्त जानकारी दी।



–सुविचार–

जो मौत से नहीं डरते, वही जीना जानते है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# देश के शैक्षिक संस्थानों में बढ़ता साम्प्रदायिक वायरस

जैसा कि कोरोना वायरस के कारण बड़े लंबे समय तक स्कूल –कॉलेज बंद थे , अब जब बड़ी मुश्किल से ये स्कूल कॉलेज खुल रहे है, तो कोरोना से भी खतरनाक सांप्रदायिक वायरस आ गया है ।जिसमें छात्र–छात्राओं का ध्यान पढ़ाई पर ना होकर इस बात पर है कि क्या पहन कर पढ़ाई कर रहे हैं।

गौरतलब है कि कर्नाटक में हिजाब विवाद की शुरुआत दिसंबर माह में हुई थी जब कुछ छात्राएं हिजाब पहनकर उडुपी के सरकारी 'प्री यूनिवर्सिटी कॉलेज' में आने लगी तो इसका विरोध करने के लिए छात्रों के एक समूह ने भगवा गमछा पहनकर आना शुरू कर दिया, जिसके उपरान्त स्कूल प्रशासन ने 7 लड़कियों को हिजाब के साथ प्रवेश पर रोक लगा दी ।राज्य सरकार ने भी मामले को बढ़ता देख ड्रेस कोड का फैसला लिया तो यह मामला कर्नाटक हाईकोर्ट पहुंच गया।

इन घटनाओं के बाद कुछ लोगों का तर्क था, कि हिजाब पहनना इस्लामी रवायत का एक जरूरी हिस्सा है और इसकी मनाही संविधान से मिले 'धार्मिक स्वतंत्रता' संबंधी अधिकार का हनन है। अब कर्नाटक हाईकोर्ट की बैच मामले में आज 14 फरवरी को सुनवाई करेगी ,समीक्षा करेगी कि स्कूल कॉलेज में हिजाब पहनना मौलिक अधिकारों का हनन है ,या नहीं। उसी मामले को सुप्रीम कोर्ट में पहुंचने पर माननीय कोर्ट द्वारा इसे खारिज करते हुए कहा गया कि कर्नाटक हाई कोर्ट के अंतिम फैसला आने तक सुप्रीम कोर्ट इसमे कोई दखल नहीं देगा।

हालांकि इस मामले में समस्या यह है, कि हिजाब वाली यह आग देश के दूसरे हिस्सों में भी फैल रही है ।अब यह सिर्फ कर्नाटक तक ही सीमित नहीं है। इसी बीच यूपी के' अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी 'में भी मुस्लिम छात्राओं द्वारा विरोध प्रदर्शन कर अल्लाह– हू –अकबर व आजादी के नारे लगाए गए। लेकिन यहां बात ध्यान देने की है कि जब विवाद स्कूलों में यूनिफार्म पहनने का है, तो इसमें' अल्लाह– हू –अकबर 'के धार्मिक नारों का क्या काम हो सकता है। और इन्हें किस चीज की आजादी चाहिए ।ये लोग मामले को धार्मिक रंग देने की कोशिश क्यों कर रहे हैं?

इन विवादों के कारण दूसरे देश जैसे– पाकिस्तान, तालिबान आदि भी टिप्पणी करने से पीछे नहीं रहे हैं। लेकिन अब भारत के विदेश मंत्रालय ने भी इन देशों को कड़ा जवाब देते हुए कहा है, कि ''दूसरे देश हमारे मुद्दों से दूर रहें आंतरिक बयान बाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।''

आज जब अफगानिस्तान में तालिबान बुर्का न पहनने वाली स्त्रियों पर कोड़े बरसा रहा है ,ईरान में महिलाएं बुर्के के खिलाफ संघर्ष कर रही हैं, दुनिया लड़कियों एवं महिलाओं को परदे में रखने वाले परिधानों का परित्याग कर चुकी है, व इसी क्रम में अपने देश में घूंघट का चलन भी खत्म होने को है ,तब कर्नाटक में कुछ छात्राएं हिजाब पहनकर पढ़ाई करने पर आमादा हैं। निःसंदेह हर किसी को अपनी पसंद के परिधान पहनने की पूरी आजादी है। लेकिन इसकी अपनी कुछ सीमाएं हैं ।स्कूल कॉलेज में विद्यार्थी मनचाहे कपड़े पहन कर नहीं जा सकता है। इसी मनमानी को रोकने व समानता के उद्देश्य से शिक्षा संस्थानों का अपना एक ड्रेस कोड निर्धारित होता है।

एकाएक शुरू हुआ यह विवाद उचित नहीं है ,पढ़ाई में परंपरा के नाम पर खिलवाड़ नहीं होना चाहिए तथा राजनीति नही होनी चाहिए।

भारत में लगभग 15 लाख स्कूल हैं, जिसमें पढ़ने वाले 25 करोड़ छात्र–छात्राएं हैं, जो हमारी अगली पीढ़ी हैं। यदि ये सभी अपने स्कूलों में हिजाब, भगवा गमछा या दूसरे धार्मिक चिन्ह और पोशाक पहनकर आने लगे तो सोचिए देश में कितनी विस्फोटक एवं खतरनाक स्थिति पैदा हो जाएगी।

मौलाना आजाद उर्दू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलाधिपति फिरोज बख्त कहते हैं, कि इस्लाम में पर्दा है पर हिजाब इस का अभिन्न अंग नहीं है ।ऐसे में छात्राओं को धार्मिक या खुद को धर्मनिरपेक्ष कहने वाले सियासी लोगों की बातों में आकर'' हिसाब नहीं तो किताब नहीं ''जैसे विचारों और नारों से बचना चाहिए क्योंकि उन्हें आगे चलकर फातिमा बीवी व सानिया मिर्जा की तरह बनना है।

यहां हमें यह बात समझनी होगी कि कुछ कट्टरपंथी लोग आपसी भाईचारे को तोड़ना चाहते हैं ,उनसे हमें बचना होगा। क्योंकि ये देश को तरक्की करते नहीं देखना चाहते हैं। इसीलिए यह कट्टरपंथी लोग स्कूल में उठे यूनिफार्म के मामले का दुरुपयोग करते हुए, इससे सामाजिक सौहार्द व शांति के माहौल को खराब करने का प्रयास कर रहे हैं,जिसे यही रोकना होगा।

ऐसे कट्टरपंथी लोगों से अपने देश व भविष्य को बचाने के लिए एवं शैक्षिक संस्थानों को जाति ,धर्म व पंथ के किसी तरह के सार्वजनिक प्रदर्शन से मुक्त रखते हुए ,सभी को शैक्षिक संस्थानों के यूनिफॉर्म व्यवस्था को मानना चाहिए। शिक्षा संस्थानों में भगवा गमछा,हिजाब या अन्य धार्मिक चिन्हों प्रयोग करने से बचना चाहिए। जिससे देश में समानता अखंडता एवं कानून व्यवस्था को सुनिश्चित हो सके।

लेखिका–अमृता श्री

## मेजर वीरेंद्र सिंह तोमर ने किया जन सम्पर्क

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजेश्वर सिंह के पक्ष में मेजर वीरेंद्र सिंह तोमर ने वृंदावन सेक्टर



6 पार्क में जनसभा की। सैनिक नगर, श्री राजा राहुल सिटी, निलमथा आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क किया। उन्होंने भाजपा की उपलब्धियां बताई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित में भाजपा की सरकार जरूरी है भारतीय संस्कृति की रक्षा और सुरक्षा के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार आवश्यक है।

## बसपा नेता विनय कश्यप ने किया मलिहाबाद में जन सम्पर्क

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। लखनऊ के सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र– मलिहाबाद में जनसम्पर्क करते हुए जगदीश रावत जी को विधानसभा क्षेत्र–मलिहाबाद का विधायक बनाने के लिए अपील की गई जिसमे विनय कुमार कश्यप एडवोकेट (मुख्य सेक्टर संयोजक लखनऊ मण्डल बसपा), राकेश कुमार गौतम (मुख्य सेक्टर संयोजक लखनऊ मण्डल बसपा), राजू कश्यप(विधानसभा संयोजक मलिहाबाद), श्रवण कुमार गौतम(विधानसभा संयोजक मलिहाबाद) उपस्थित रहे।



## देश की सुख समृद्धि हेतु उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार पुनः बनाना आवश्यक– डॉ अशोक बाजपेई

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : सवायजपुर में ब्राह्मण समाज का शोषण करने वाले, पिछड़ों के अधिकारों पर डाका डालने वाले और दलित समाज के साथ अन्याय करने वाले आज सबके हितैषी होने का प्रोपोगंडा रच रहे है।लेकिन सवायजपुर की जनता ऐसे जयचंदों को पहचान चुकी है जिनकी फितरत में धोखा है। उक्त विचार राज्यसभा सांसद डॉ अशोक बाजपेई ने अनंगपुर और भरखनी में भाजपा प्रत्याशी विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू के पक्ष में आयोजित प्रभावी मतदाता सम्मलेन में व्यक्त किए। डॉ बाजपेई ने कहा कि विकास को और गति देने के लिए एक बार फिर रानू को विधायक बनायें तो वो मंत्री बनकर आयेंगे और सवायजपुर को प्रदेश में सबसे विकसित विधानसभा क्षेत्र बनाएंगे ।देश की सुख समृद्धि हेतु भाजपा की उत्तर प्रदेश में सरकार बनाना आवश्यक है। विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू ने कहा कि मैंने अपने पूरे कार्यकाल में विकास और सम्मान की राजनीति की है। मेरा संकल्प सवायजपुर क्षेत्र को विकास की दिशा में सबसे आगे लेकर जाने का रहा है। उसी दिशा में अर्जुनपुर पुल सहित 18 लघु सेतु, भरखनी नहर में पानी,पाली से कुरिया तक की सड़क सहित 400 सड़कें, पाली मंडी का जीर्णोद्धार, 300 के लगभग गांवों में बिजली , 4 नए पावर हाउस की स्वीकृति, 4 नए अस्पताल, 3 कृषि कल्याण केन्द्र , 5 इंटर कॉलेज आदि का निर्माण कराया। जिस जातिवाद के दंश से क्षेत्र को पिछड़ेपन का दर्द सहना पड़ा उसे जड़ से उखाड़ फेंकने का मैने प्रयास किया है पर कुछ स्वार्थी लोग आज भी क्षेत्र में जातिवाद की आग सुलगा कर अपने स्वार्थ की रोटियां सेकने का कुत्सित प्रयास




कर रहे है। उनके नापाक इरादों को सवायजपुर की सम्मानित जनता कभी भी पूरा नहीं होने देगी और भाजपा की सरकार बनाकर जातिवाद पर विकासवाद की जीत का संदेश देगी। इस अवसर श्री बाजपेई ने जनसत्ता दल, सपा और बसपा छोड़ कर भाजपा में शामिल हुए जनसत्ता दल के जिला उपाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, लालाराम कुशवाहा,नितेश सिंह राठौर, अभय सिंह,बसपा छोड़ने वाले उमेश वर्मा, सत्यदेव, संजय कुमार,आकाश कुमार, जानकी प्रसाद, मंगल वर्मा प्रेमसागर राजपूत,रमेश पाल, सियाराम पाल,घनश्याम पाल, रामखिलावन, पवन सिंह,अनुज राजपूत, रामदर्श राजपूत, रतनलाल, रामकेवल राजपूत आदि को अपने दर्जनों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। इन जनसभाओं में कमलाकांत बाजपेई, पारुल दीक्षित, श्रवण दीक्षित, श्याम सिंह, यतींद्र पाठक , श्याम मोहन मिश्र, श्याम मोहन बाजपेई, अनुज पाण्डेय, राजेश्वर सिंह, रामदेव बाजपेई , सौरभ मिश्र सिप्पी, ओ पी मिश्र, के के शुक्ला समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जन मौजूद रहें।

## इस समय लगातार जारी है बीजेपी का जनसंपर्क अभियान

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर संवाददाता)शहर के अश्वनी पुरम कॉलोनी वजीरगंज में जनसंपर्क किया गया महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा अल्पसंख्यक अवध प्रांत के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अशफाक हुसैन जिया अल्पसंख्यक मोर्चा के महानगर अध्यक्ष आसिफ अंसारी महानगर अल्पसंख्यक मोर्चा उपाध्यक्ष नफीस राईनी इसके अलावा बीजेपी का महिला मोर्चा से तमाम महिलाएं पार्षद शैलेंद्र यादव सहित बीजेपी के तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे इस मौके पर घर घर जाकर बीजेपी के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने पंपलेट और स्टीकर बाटे और जनता से तमाम किए गए कार्यों के आधार पर योगी आदित्यनाथ को दोबारा मुख्यमंत्री बनाने और अयोध्या विधानसभा से वेद प्रकाश गुप्ता को जिताने की अपील की गई ।वही मीडिया से बात करते हुए बीजेपी के महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि हम लोगों ने इतने काम किए हैं कि जनता दोबारा जरूर सरकार बनाएगी उन्होंने कहा कि मैं जहां जा रहा हूं वोट मांगने वहां के लोग खुद कहते हैं कि आपको आने की जरूरत नहीं हम लोग खुद बीजेपी का प्रचार कर रहे हैं उनसे यह पूछे जाने पर कि जीतने के बाद पहली प्राथमिकता क्या होगी तो उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता तय है हम जीतने के बाद प्राथमिकता तय नहीं करते उन्होंने कहा बहुत से काम हो चुके हैं और जो काम छूटे हैं इस बार योगी आदित्यनाथ की सरकार जरूर उसे पूरा करेगी वही बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के अवध प्रांत के उपाध्यक्ष अशफाक हुसैन जिया ने कहा की योगी सरकार ने किसी के साथ भेदभाव नहीं किया जो योजनाएं थी उन योजनाओं का लाभ बराबर से हर समाज के लोगों को दिया गया है इस आधार पर हम लोग जनता तक जाकर और योगी सरकार के कार्यकाल में किए गए कार्यों को बता कर हम वोट मांग रहे हैं और जनता का भरपूर सहयोग और आशीर्वाद मिल रहा है वही महानगर उपाध्यक्ष नफीस राईनी ने अयोध्या विधानसभा के बीजेपी प्रत्याशी वेद गुप्ता को जिताने की अपील की है।

## बिना किसी मार्गदर्शन के तीनों बच्चों ने सीखा संगीत : क्षेत्र में बना चर्चा का विषय

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर संवाददाता)जिले के मिल्कीपुर क्षेत्र के कुमारगंज बाजार में स्थित तीन नौनिहाल बच्चों ने बिना गुरु के संगीत सीखा ।संगीत के हर वाद यंत्र को सीखने की कला बच्चों में देखने को मिली ।यह तीनों बच्चे संगीत के क्षेत्र में अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे है ।इन तीनों बच्चों के माता–पिता एक छोटी क्लीनिक चलाते है ।इनका बड़ा बेटा नेल्सन ढाली लगभग 17 वर्ष, दूसरा बेटा वेल्सन ढाली उम्र लगभग 12 वर्ष, और छोटा बेटा जेल्सन ढाली उम्र लगभग 10 वर्ष है। बताते चलें कि यह बच्चे संगीत के साथ – साथ गाने का भी रिहल्सल करते हैं। इस प्रखर प्रतिभा को देखकर ऐसा मालूम पड़ता है कि ये बच्चे एक न एक दिन जरूर अपने गांव और देश का नाम रोशन करेंगे। इन बच्चो पिता पहले चकदा ,कमालपुर, कोलकाता के निवासी थे। लेकिन अब लगभग 25 वर्षों से इनके माता–पिता कुमारगंज बाजार में रहते हैं अर्थात इन तीनों बच्चों का जन्म यही का है और ये इस समय कुमारगंज बाजार के मूल निवासी हैं। बच्चों से पूछने पर बच्चों ने बताया कि हम अपना एक यूट्यूब चौनल चलाते हैं जिसका नाम एन डब्लू जेनसन है।

## महमूदाबाद में भीषण हादसा : कार और बोलेरो की भिड़ंत में मां–बेटी समेत चार की मौत

सीतापुर ब्यूरो : कोतवाली महमूदाबाद इलाके में सोमवार की सुबह बोलेरो और कार की आमने–सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। दर्दनाक हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में मां–बेटी और भतीजा शामिल है। जबकि चौथा मृतक बोलेरो का चालक है। तीन लोगों ने मौके पर दम तोड़ दिया है। एक की अस्पताल ले जाते समय जान गई। मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। हादसे के बाद मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। सभी का रो–रो कर बुरा हाल है। कोतवाली महमूदाबाद इलाके के रजुआपुर मोड़ के पास सोमवार सुबह करीब 6:30 बजे सिधौली की ओर से आ रही बोलेरो व महमूदाबाद की ओर से जा रही कार की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों वाहनों में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पाकर पुलिस और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। घायलावस्था में सभी को अस्पताल ले जाने की तैयारी की जा रही थी, लेकिन मौके पर ही तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि एक और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक,



सभी मृतकों की शिनाख्त हो गई है, जिसमें बोलेरो चालक महमूदाबाद के भेथरा निवासी सुजीत कुमार (24), कार चालक की शिनाख्त कमलापुर के हमीरपुर निवासी अजीत कुमार सिंह (35), उसकी चाची सीमा सिंह (50), चाची की बेटी रजनी (20) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि अजीत गोंडा से आ रहा था। वह सीतापुर स्थित विकास भवन में कर्मचारी भी होना बताया जा रहा है। महमूदाबाद इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि हादसे में चार लोगों की मौत हुई है। सभी की शिनाख्त हो गई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## अयोध्या सदर में विपक्ष की फील्डिंग में फंसी है भाजपा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) एक बार फिर दस साल बाद फिर भाजपा अपने गढ़ में ही पसीने–पसीने हो गई ।राजनीतिक जानकारो के मुताबिक विपक्ष की जोरदार फील्डिंग ने उसे हैरान कर दिया है ।इस बार राममंदिर के निर्माण व रामजन्मभूमि की मिट्टी का चुनावी प्रसाद भी भाजपा को उसके गढ़ में विपक्ष की तगड़ी फील्डिंग से नहीं उबार पा रहा हैसराष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ की यहां के मंदिरों में रोज हो रही बैठकें भी उसकी मुश्किलों का आसान करती नजर नहीं आ रही हैंसयहां मतदान में पखवारे भर से भी कम समय शेष है और भाजपा चमत्कार के भरोसे दिख रही है। भाजपा को अपने गढ़ अयोध्या में जीत के लिए रामलला का ही सबसे बड़ा भरोसा है। भाजपा को अपने गढ़ अयोध्या में जीत के लिए रामलला का ही सबसे बड़ा भरोसा है। अंततः साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण पर सिमट कर रह जाताहै वहि वर्ष 1990 में राम मंदिर आंदोलन के उभार से अयोध्या सदर की विधानसभा सीट पर काबिज हुई भाजपा ऐसे समय में उलझ गई है,जबकि मंदिर का निर्माण जोर शोर से चल रहा है ।मंदिर मुद्दे के उभार और ढलान दोनों ही हालात में भाजपा केवल एक बार बोल्ड हुई ।राम मंदिर के भावनात्मक रूप से जुड़ी सीट होने के नाते चुनाव अंततः साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण पर सिमट कर रह जाता रहा है ।अब राम मंदिर का निर्माण हो रहा है, बावजूद इसके भाजपा दस साल बाद एक बार फिर अपने ही गढ़ में पसीने–पसीने है। अधिकारियों और दल के नेताओं की जुगलबंदी और तनातनी ने हालात मुश्किल किए। भाजपा के फंसना अकारण नहीं है ।भाजपा को उलझन में डालने में पांच साल के कार्यकाल में मची उथल पुथल का खासा योगदान रहा है ।बीते 31 सालों भाजपा के सामने ऐसी चुनौती कभी नहीं रही, भले ही वह नए परिसीमन से बिगड़े समीकरण में एक बार चुनाव हार गई ।भाजपा के राह में रोड़े यहां तैनात रहे प्रशासनिक अधिकारियों और दल के नेताओं की जुगलबंदी और तनातनी के चलते बिछ गए। पहले भगवान श्री राम की प्रतिमा के लिए भूमि अधिग्रहण को लेकर भाजपा की किरकिरी हुई ।उसके बाद अयोध्या एयरपोर्ट का मामला उलझा रहा ।रही सही कसर अयोध्या धाम की सड़कों को चौड़ा करने की योजना को लेकर उपजे व्यापारियों के असंतोष ने पूरी कर दी। महायोजना ऐन चुनाव के ठीक पहले पेश कर दी गई जिससे असंतोष बढ़ा है वहीं नगर आयुक्त की मनमानी से महापौर व पार्षदों के बीच तल्खी ने और स्थिति बिगाड़ी। रही सही कसर नई महायोजना ने पूरी कर दी है, जिससे पूरे महानगर में हड़कंप मचा हुआ है। इन्हीं नगर आयुक्त ने जिनके पास अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव का भी प्रभार है ।यह महायोजना ऐन चुनाव के ठीक पहले पेश कर दी गई है और व्यापारी वर्ग जो भाजपा का मजबूत समर्थक माना जाता है,वह नाराज है ।विधानसभा चुनाव में अयोध्या सदर की सीट हमेशा से भारतीय जनता पार्टी के खाते में जाती रही है ।क्षेत्र में बीजेपी की फील्डिंग इतनी मजबूत है कि 31 साल में केवल एक बार ही बोल्ड हुई है ।राम मंदिर आंदोलन के समय से बीजेपी ने यहां ऐसा स्टंप गाड़ा कि विपक्षी टीम खिलाड़ियों को बोल्ड करने में हाँफती रही है। इस बार भी विपक्ष के लिए चुनौतियां कम नहीं है ।अयोध्या की इज्जत बचाने का हवाला देकर भाजपा वोट डलवाने में कामयाब होती रही है। रामनगरी की धरती की खास बात है कि प्रत्याशी से नाराजगी वोट की तारीख नजदीक आते– आते कम होने लगती है। अंत मे अयोध्या की इज्जत बचाने का हवाला देकर पार्टी कमल के चुनाव चिन्ह पर वोट डलवाने में कामयाब होती रही है ।अयोध्या में राम मंदिर निर्माण की आहट के साथ यहां और आसपास शुरू हुए जमीन की खरीद– फरोख्त के खेल ने भी खूब गणित बिगाड़ा है ।जन प्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी दोनों ही इस खेल में शामिल रहे और अब सबकी जांच चल रही है। विधायक से भी नाराजगी का असर साफ देखा जा रहा है। ये मुद्दे तो परेशानी खड़ी कर ही रहे हैं, वहीं विधायक से भी नाराजगी का असर साफ देखा जा रहा है। दल की अंतर्कलह कोढ़ में खाज का काम कर रही है। हालांकि की प्रचार अभियान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सक्रियता और पार्टी के चुनाव प्रबंधन को लेकर चल रही सतत मानीटरिंग ने हालात को थोड़ा संभाला है। फिर भीजिले की पांच विधानसभा सीटों में से अयोध्या सदर हमेशा से सुर्खियों में रही है। राममंदिर की लहर के बाद 1991 से अब तक कुछ कुल मिलाकर सात बार चुनाव हो चुके है ।जिसमें 6 बार कमल खिला और केवल एक बार साइकिल चल सकी । 2012 में सपा ने यहां से जीत का स्वाद चखा ।इसका संदेश पूरे भारत मे गया कि बीजेपी अपने गढ़ को भी नही बचा पाई। लेकिन बीजेपी ने 2017 का चुनाव जीत कर लोगों अपने होने का एहसास फिर से करा दिया। 2022 में एक बार फिर वह मुश्किल में दिख रही हैस2012 के चुनाव में समीकरण सपा के पक्ष में चला गया और तेज नारायण पांडे जीत गए ।वही 2012 के चुनाव में समीकरण सपा के पक्ष में चला गया और तेज नारायण पांडे जीत गए ।भाजपा के क्षत्र लल्लू सिंह को हराकर भाजपा का घमंड तोड़ दिया था ।राम मंदिर आंदोलन ने भाजपा को ना सिर्फ संजीवनी प्रदान की बल्कि अयोध्या को राजनीति की ऊर्जा स्थली के साथ–साथ भाजपा के गढ़ के रूप में बदल दिया ।1991 से इस सीट भाजपा का कमल खिलता रहा और राम नगरी भाजपा के गढ़ के रूप में विख्यात हो गई। 2012 के चुनाव में चुनावी समीकरण सपा के पक्ष में चला गया और युवा सपा नेता तेज नारायण पांडे ने भाजपा के क्षत्र लल्लू सिंह को हराकर भाजपा का घमंड तोड़ दिया था।

## नुक्कड़ सभा मे महिलाओं ने हाथ उठाकर आरती का किया जोरदार समर्थन

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर संवाददाता)जिले के गोसाईगंज विधानसभा से अपना दल, निषाद राज पार्टी व भाजपा पार्टी के प्रत्याशी एवं निवर्तमान विधायक इन्द्रप्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी की पत्नी आरती तिवारी को अपने विधानसभा क्षेत्र स्थित विभिन्न ग्राम पंचायतों, चौराहों पर कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी ।वही अपने नेता निवर्तमान विधायक की पत्नी को अपने बीच पाकर कार्यकर्ता व क्षेत्र की जनता फूले नहीं समा रहे हैं ।निवर्तमान विधायक के द्वारा क्षेत्र मे बिछाए गए सड़कों के जाल व विकास की चंहुओर प्रसंशा हो रही है ।अपने समर्थकों के बीच आरती तिवारी ने जगह जगह नुक्कड़ सभा कर लोंगों से मतदान की अपील किया ।सघन जनसंपर्क व नुक्कड़ सभा के अभियान का कारवां गोसाईगंज विधानसभा के तारुन क्षेत्र के घुरिटीकर, खेमीपुर निधियावा, केशरूआ, कूरी पुरुषोत्तमपुर, बालापुर, ककोली में नुक्कड़ सभा को सम्बोधित किया ।इस मौके पर साकेत के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष फूलचंद यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि मेरे मित्र खब्बू तिवारी की बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर विरोधियों ने साजिश के तहत उन्हें बाहर नही आने दिया ।बालापुर के भारी जनसमूह ने आरती तिवारी को जिताने के हुंकार भर जय श्री राम का उद्घोष किया ।वही बालापुर निवासी सुबराती अली ने कार्यक्रम के दौरान भाजपा का झंडा लेकर बीच बीच मे जय श्री राम का नारा लगाते रहे। कार्यक्रम को पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सुनील सिंह विद्यार्थी, फूलचन्द यादव, राजमणि सिंह, अपना दल के नेता विक्की पटेल, घनश्याम पटेल, आसाराम निषाद जिलाध्यक्ष निषाद राज पार्टी ने सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम आयोजक सियाराम वर्मा पूर्व जिला पंचायत सदस्य रमेश कुमार पाल के संयोजन में हुआ। नुक्कड़ सभा में मेवा लाल वर्मा जैनेंद्र वर्मा हरीराम निषाद प्रधान तारुन राम धीरज निषाद विजय निषाद बुद्धू बनवासी दिनेश वर्मा कुलदीप गोरी विनायक कोरी राकेश गोरी पिंटू गुप्ता विकास निषाद सुरेश यादव , सुरेश कुमार तिवारी विशंभर गुप्ता केशव राम कोरी कैलाश यादव राजबली निषाद सत्येंद्र कोरी रंजीत वर्मा जैसराज बनवासी ,अनारकली बनवासी, जानकी वनवासी, कार्यक्रम में बालापुर प्रधान घनश्याम चौरसिया की महती भूमिका रही कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम नेवल वर्मा ने किया।

## पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर कंटेनर में घुसी एसयूवी : मां समेत उपनिरीक्षक की मौत

सुल्तानपुर ब्यूरो : पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर सोमवार की सुबह तेज रफ्तार एसयूवी पीछे से कंटेनर में घुस गई। एसयूवी पर सवार पुलिस विभाग में तैनात उपनिरीक्षक और उनकी मां की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी समेत पांच लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। अंबेडकरनगर जिले के बसखारी थाना क्षेत्र के भिटौरा गांव निवासी मनीष वर्मा (40) पुत्र राजमणि वर्मा पुलिस विभाग में लखनऊ के गोमती नगर थाने में उपनिरीक्षक के पद पर तैनात थे। सोमवार की सुबह मनीष वर्मा, मां चंद्रावती (70), पत्नी जया वर्मा और बेटी मन्या वर्मा, आरुषी वर्मा, अनिश्का वर्मा दोनों पुत्री अखिलेश वर्मा, किरन पत्नी अखिलेश के साथ एसयूवी से लखनऊ जा रहे थे। रास्ते में जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के सारंगपुर गांव के समीप पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर उनका वाहन पीछे से कंटेनर में घुस गया। हादसे में



उपनिरीक्षक मनीष वर्मा और उनकी मां चंद्रावती की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में घायल अन्य लोगों को पुलिस की मदद से सीएचसी जयसिंहपुर में भर्ती कराया गया है। आरुषि वर्मा की हालत गंभीर है।

# अयोध्या के मणि पर्वत के जर्जर सीढ़ियो में लग रहा मिर्जापुर का लाल पत्थर

अयोध्या। (राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) राम नगरी अयोध्या में सौंदर्यीकरण का काम लगातार चल रहा है।इस बीच पौराणिक महत्व वाले मणि पर्वत की मरम्मत का काम भी किया जा रहा है।जिससे इसका गौरव फिर से लौट सके।राम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण के साथ–साथ अयोध्या धाम के दूसरे पौराणिक ऐतिहासिक स्थलों को भी सवारने का काम शुरू कर दिया गया है।राम नगरी अयोध्या में प्रसिद्ध सावन झूला मेला का मुख्य केंद्र मणि पर्वत को एक बार फिर से सजाया सवारा जा रहा है।पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित प्राचीन मणि पर्वत के जीर्णोद्धार का काम भी शुरू कर दिया गया है।सूत्र के मुताबिक पहले चरण में मणि पर्वत के गर्भगृह तक पहुंचाने वाली सीढ़ियों को फिर से ठीक किया जा रहा है।अपने अस्तित्व को बचाने को रो रही सीढ़ियों पर अब मिर्जापुर के लाल पत्थरों को लगाया जा रहा है।दूसरे फेज में मंदिर के मुख्य द्वार से लेकर अन्य परिसरों की मरम्मत की जाएगी।मणि पर्वत की पौराणिकता को संरक्षित करने के लिए पुरातत्व विभाग ने 45 लाख रुपए का बजट पास किया है।मणि पर्वत की दशा इस कदर खराब हो गई थी कि हल्की बारिश होने के बाद पर्वत के गर्भगृह तक पहुंचने में घंटों का समय लग जाता था।बरसात के मौसम में मणि पर्वत की चढ़ाई बहुत ही दुर्गम हो जाती थी।पहले भी अयोध्या धाम के संत महंतों ने मणि पर्वत के जीर्णोद्धार के लिए कई बार आवाज उठाई थी।1902 में अयोध्या धाम के ऐतिहासिक और पौराणिक स्थलों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए एडवर्ड तीर्थ विवेचनी सभा का गठन किया गया था। एडवर्ड तीर्थ विवेचनी ने अयोध्या के 148 जगहों को चिन्हित कर उन जगहों पर एडवर्ड तीर्थ विवेचनी के पत्थर लगाए गए थे।जिससे भविष्य में इन धरोहरों को संरक्षित किया जा सके।वही मणि पर्वत भी इन्हीं में से एक है।माना जाता है कि मणि पर्वत त्रेतायुग से ही अयोध्या में मौजूद है।मणि पर्वत पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित स्मारक है, लेकिन सालों से यह पौराणिक स्थल उपेक्षित



रहा।संत–धर्माचार्य लगातार जर्जर मणि पर्वत के सुंदरीकरण को लेकर आवाज उठाते रहे हैं। यही नहीं प्रशासन द्वारा मणि पर्वत पर जर्जर भवन होने की सूचना भी लगाई गई है।फिलहाल मणिपर्वत परिसर में पीएसी का कैंप लगा हुआ है।इस प्राचीन धरोहर के संरक्षण को लेकर अब प्रशासन की नींद भी टूट गई है।प्रशासन के दिशा निर्देश के बाद पुरातत्व विभाग के ने मणि पर्वत के सुंदरीकरण का काम शुरू कर दिया है।मणि पर्वत को संजीवनी बूटी का पहाड़ भी कहा जाता है।रामायण में भी इस बात का उल्लेख किया गया है।रामायण के मुताबिक जब लक्ष्मण मेघनाद ने युद्ध के दौरान घायल हो गए थे तो सुषेण वैद्य ने हनुमानजी को संजीवनी बूटी लाने के लिए भेजा था।हनुमानजी पर भरत जी ने शत्रु समझकर वार किया था।तब हनुमानजी मणि पर्वत पर गिर पड़े थे। लेकिन जैसे ही उन्हें पता चला कि हनुमानजी प्रभु श्रीराम के भक्त हैं तो भरत को बहुत ही पछतावा हुआ था।यह भी माना जाता है कि जब हनुमानजी फिर से सजीवन बूटी वाला पहाड़ उठाकर ले जाने लगे तो उसका कुछ हिस्सा टूटकर यहां गिर गया था।उसी को लोग मणि पर्वत के नाम से जानते हैं।

# जनपद में प्रेक्षको ने आते ही प्रत्याशियों के साथ किया बैठक

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) विधान सभा सामान्य निर्वाचन–2022 हेतु जनपद में नियुक्त वहीं व्यय प्रेक्षक की अध्यक्षता में नाम वापसी के पश्चात निर्वाचन लड़ने वाले समस्त उम्मीदवारों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गयी।इस बैठक में शैलेन्द्र शर्मा व्यय प्रेक्षक विधानसभा मिल्कीपुर, बीकापुर व रुदौली विधानसभा तथा प्रभाकर पी0 रंजन व्यय प्रेक्षक अयोध्या व गोसाईगंज विधानसभा मौजूद रहे। बैठक में शैलेन्द्र शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने का जरिया निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव कराना है।इस बैठक में चुनाव के दौरान समस्त उम्मीदवारों को चुनाव आयोग की गाइड लाइन के तहत विभिन्न मदों में किये गये व्यय का लेखा जोखा रखने के सम्बंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी, वहीं प्रेक्षकों ने सभी उम्मीदवारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसी भी समस्या के लिये मुख्य कोषाधिकारी अनुराग गुप्ता, अपर जिलाधिकारी वित एवं राजस्व, लेखा जोखा रखने वाली टीम तथा मुझसे कभी भी आप जानकारी प्राप्त कर सकते है। उन्होंने कहा कि नामांकन की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख के मध्य प्रत्याशी द्वारा या उसके निर्वाचन एजेन्ट द्वारा प्राधिकृत किये गये सभी व्ययों का पृथक एवं सही खाता रखना अनिवार्य है। नामांकन दाखिल करने के पूर्व निर्वाचन सामग्रियों पर किया गया व्यय भी रजिस्टर में दर्ज किया जायेगा। भले ही उसका भुगतान नामांकन से पहले कर दिया गया हो।उक्त कुल व्यय रूपये चालीस लाख मात्र से अधिक नहीं होना चाहिये।जिस अवधि तक का व्यय रजिस्टर का निरीक्षण कर लिया गया है। लेख के अनुरक्षण में असफलता भारतीय दण्ड संहिता की धारा 171–1'झ' के अधीन एक संज्ञेय अपराध है। केवल निर्वाचन व्यय के के लिए एक पृथक बैंक खाता खोला जायेगा। यह जानकारी आपको पहले से ही दे दी गयी थी और आप सभी ने एक अलग से खाता खुलवा लिया होगा।सभी व्यय उसी खाते से किये जायेंगे तथा जो भी धनराशि किसी से प्राप्त होती अनिवार्य रूप से इसमें जमा करना होगा।10 हजार से अधिक की धनराशि चेक से प्राप्त करना होगा तथा 10 से अधिक के व्यय का भुगतान चेक से ही करना अनिवार्य है। प्रत्येक प्राप्ति एवं व्यय का लेखा जोखा उपलब्ध कराये गये रजिस्टर में प्रतिदिन करना होगा। बैठक में उपस्थित प्रत्याशी के प्रतिनिधियों द्वारा उठाये गये प्रश्नों का समाधान मा0 प्रेक्षकगण द्वारा किया गया। बैठक में निर्वाचन व्यय के दैनिक लेखेध्ररजिस्टर, कैश तथा बैंक रजिस्टर भरने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया।इस बैठक में सभी प्रत्याशियों को विधानसभावार लेखा मिलान की तिथियों से अवगत कराया गया। प्रथम निरीक्षण विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र रुदौली में दिनांक 14 फरवरी 2022 को प्रातः 10 बजे से अपराहन 1 बजे तक, मिल्कीपुर विधानसभा में अपराहन 1 बजे से सायं 5 बजे तक, अयोध्या विधानसभा में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक तथा बीकापुर एवं गोसाईगंज विधानसभा में दिनांक 16 फरवरी 2022 को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक होगा। इसी तरह दितीय निरीक्षण रुदौली विधानसभा में दिनांक 19 फरवरी को प्रातः 10 बजे से अपराहन 1 बजे तक, मिल्कीपुर विधानसभा में अपराहन 1 बजे से सायं 5 बजे तक, अयोध्या विधानसभा में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक तथा बीकापुर व गोसाईगंज विधानसभा में दिनांक 21 फरवरी 2022 प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। तृतीय निरीक्षण रुदौली विधानसभा दिनांक 24 फरवरी 2022 को प्रातः 10 बजे से अपराहन 1 बजे तक, मिल्कीपुर विधानसभा में अपराहन 1 बजे से सायं 5 बजे तक, अयोध्या विधानसभा में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक तथा बीकापुर एवं गोसाईगंज विधानसभा में दिनांक 25 फरवरी 2022 को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। बैठक में मुख्य कोषाधिकारी श्री अनुराग गुप्ता, एडीएम वित एवं राजस्व महेन्द्र सिंह सहित सभी प्रत्याशियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों ने 2022 मे विधानसभा चुनाव में मतदान न करने का जिला निर्वाचन अधिकारी को भेजा पत्र

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) 2022 विधानसभा चुनाव मतदान बहिष्कार को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी जिला अधिकारी को सूत्र के मुताबिक माझा काजीपुर व माझा रामपुर पुवारी के ग्रामीणों ने पत्र ,राजस्व विभाग चिराग रहित ग्राम पंचायत बताती है जिससे 2018 के बाद से ग्राम वासियों का खसरा खतौनी देना बंद कर दिया गया है जिससे ग्राम वासियों को अनेकों तरह की दिक्कतें आ रही हैं।केसीसी बैंक देने को तैयार नहीं है,और जो केसीसी बने हुए थे।उनको भी बंद कर दिया गया है जिससे लोग भुखमरी की कगार पर पहुंच रहे हैं। सरकारी सुविधाएं जो मोहिया होती थी उनको भी इसी के कारण बंद कर दिया जा रहा है इसीलिए दोनों ग्राम पंचायत के ग्राम वासियों ने 2022 में मतदान बहिष्कार कर रहे हैं।कई पीढ़ियों से रह रहे लोगों ने जानकारी दी कि हमारे आजा, बाबा, दादा, परदादा, यहां कब से हैं उन्हें स्वयं नहीं पता है फिर परंपरागत हमरी जमीनें हम लोगों के नाम होनी चाहिए थी लेकिन राजस्व विभाग की उदासीनता के चलते खतौनी मे से लोगों के नाम गायब हो गए हैं जिससे गांव की महिला पुरुष सभी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि 2022 में वह मतदान नहीं करेंगे।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील मिल्कीपुर की बैठक संपन्न

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन मिल्कीपुर तहसील इकाई की बैठक तहसील प्रांगण में सम्पन्न हुई।जिसमे एसोसिएशन के तहसील कमेटी का गठन सर्वसम्मति से किया गया।जिसमें अध्यक्ष हृदय राम मिश्र तथा भोलानाथ मिश्र व विजय मिश्र को उपाध्यक्ष ,भवानी प्रसाद पांडे व लल्लन किशोर तिवारी महामंत्री, गोपीनाथ रावत कोषाध्यक्ष/ महामंत्री, कालिका प्रसाद व विक्रमादित्य सिंह को संगठन मंत्री ,अवधेश कुमार शुक्ल प्रचार मंत्री, हैदर रजा प्रचार मंत्री, विनोद कुमार तिवारी मंत्री ,दिवाकर और शुभम् पाठक सदस्य बनाये गये।इस बैठक को संबोधित करते हुए तहसील अध्यक्ष हृदय राम मित्र ने कहा कि संगठन पत्रकार साथियों के साथ हमेशा सुख दुख में रहा है और हमेशा रहेगा।किसी भी प्रकार का उत्पीड़न व अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जायेगा, शासन प्रशासन तक ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन इसकी लड़ाई लड़ेगा।सम्मानित पदाधिकारियों को बैठक में संबोधित करते हुए तहसील अध्यक्ष हृदय राम मिश्र ने कहा।इस बैठक को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के और अन्य अधिकारियों ने भी संबोधित किया उपाध्यक्ष भोला नाथ मिश्र ने कहा हमारे पत्रकार साथियों के साथ अगर कोई सम्मान के साथ खिलवाड़ करता है तो ईंट का जवाब कलम की नोंक से दिया जायेगा, तहसील कोषाध्यक्ष गोपीनाथ रावत ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा संघे शक्ति कलियुगे एकता में ताकत है हम सभी पत्रकार साथी एक हो करके संगठन को और आगे बढ़ाने का काम करेंगे बैठक में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# फायर बिग्रेड कर्मियो के अथक प्रयास से कुएं में गिरे सांड़ को निकाला सकुशल बाहर

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले के थाना कुमारगंज क्षेत्र में कुएं में गिरे सांड़ को फायर बिग्रेड के सहयोग से बाहर निकाला।इस समय आवारा जानवर न सिर्फ किसानों व राहगीरों के लिए मुसीबत बने हैं बल्कि अब इनके चलते पुलिस की भी नींद गायब हो रही है।सूत्र के मुताबिक जिले के थाना कुमारगंज क्षेत्र के मठिया गांव में शनिवार की दोपहर बाद एक कुएं में सांड़ गिर पड़ा।वही ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची यूपी–112 की पुलिस ने फायर ब्रिगेड को जानकारी दी।सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के जवानों ने ग्रामीणों के सहयोग से कुएं से सांड़ को बाहर निकाला।मिल्कीपुर सर्किल के थाना कुमारगंज क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत कुमारगंज के रतापुर मठिया गांव निवासी दीन दयाल पुत्र हनुमान के दरवाजे पर स्थित कुएं में शनिवार दोपहर बाद आवारा सांड़ भटकते हुए कुएं में जा गिरा। आवाज सुनकर पहुंचे लोगों ने देखा तो वह कुएं में छटपटा रहा था। ग्रामीण कुएं में गिरे सांड़ को निकालने के लिए जुट गए लेकिन ग्रामीणों को जब सफलता हाथ मिलती नहीं दिखाई दी और साड़ की हालत खराब होने लगी। तत्काल ग्रामीणों ने मामले की जानकारी यूपी–112 पुलिस को दी गई। पुलिस की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचे फायर स्टेशन मिल्कीपुर के फायरमैन विकास चंद्र, दिनेश कुमार मिश्रा, मनोज कुमार, अंकुल पाल, आशुतोष यादव, अरविंद कुमार ने ग्रामीणों के सहयोग से सांड को कुएं से बाहर निकाल लिया। फायरमैन विकास चंद ने बताया कि कुएं से बाहर निकाले गए सांड़ को कहीं पर कोई चोट नहीं लगी थी। कुएं से बाहर निकलने के बाद वह बाग की ओर चला गया।

# पूर्व मंत्री तेजनरायण पाण्डेय का अयोध्या दौरा संपन्न : पार्टी को वोट दिलानें की अपील

अयोध्या।डा.आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता : समाजवादी पार्टी कि सरकार बनने पर ही उत्तर प्रदेश का विकास होगा।उक्त बातें अयोध्या विधानसभा प्रत्याशी पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन आज समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन पर आयोजित कार्यक्रम में बात और मुख्य अतिथि कहीं श्री पांडे ने कहा सपा की सरकार में सभी वर्गों का विकास बिना किसी भेदभाव के किया जाता है श्री पांडे आज पार्टी कार्यालय पर कांग्रेस के जिला महासचिव एडवोकेट गणेश दत्त पांडे सहित अन्य दलों के लगभग 300 लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करते समय कहीं पांडे ने कहा सपा की सरकार बनते ही प्रत्येक परिवार को कि 300 यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी। किसानों की सिंचाई मुक्त की जाएगी महिलाओं को समाजवादी पेंशन ध्18000 वार्षिक दी जाएगी । नगर निगम का बढ़ा हुआ टैक्स को समाप्त किया जाएगा । श्री पांडे ने कहा कि महंगाई भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाई जाएगी युवाओं को रोजगार दिया जाएगा सहित अनेक योजना का लाभ अखिलेश यादव के नेतृत्व सपा सरकार बनने पर किया जाएगा । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि समाजवादी पार्टी ही ऐसा दल है जहां पर कार्यकर्ताओं का सम्मान सबसे ज्यादा होता है उन्होंने पार्टी में शामिल हुए सभी नेताओं कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि विधानसभा की चुनाव जीतने के लिए अभी से सक्रिय भूमिका अदा करें । कार्यक्रम का संचालन महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम ने किया सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया की आज पार्टी कार्यालय पर कांग्रेस पार्टी के जिला महासचिव एडवोकेट गणेश दत्त पांडे के नेतृत्व में 300 सक्रिय पदाधिकारियों को अयोध्या विधानसभा प्रत्याशी पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने पार्टी की सदस्यता दिलाई और सभी को माला पहनाकर उनका स्वागत किया सभी ने विधानसभा चुनाव में 5 सीटों पर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी जिताने का संकल्प लिया । इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम दान बहादुर सिंह चौधरी बलराम यादव श्री चंद यादव महेंद्र शुक्ला राम भजन यादव संजय यादव लक्ष्मण कनौजिया अजय मिश्रा मोहित यादव दुर्गेश वर्मा राकेश पांडे आदि शामिल होने वालों में प्रमुख रूप से पंडित पवन त्रिपाठी सत्येंद्र मौर्य दिवाकर विश्वकर्मा मंजीत यादव विकास उमाकांत संदीप यादव अतुल धनंजय तिवारी सोनू गोविंद मिश्रा राहुल यादव राजेश यादव रंजन ठाकुर सुधाकर पाल रघुवंश पांडे अभिषेक तिवारी बृजेश कुमार मंगल कुमार राम कुमार जितेंद्र हनी तिवारी उत्कर्ष तिवारी अभिनव अंशु यादव सौरभ निषाद राम उजागर माजी विवेक निषाद रामबचन यादव संतराम माजी शैलेंद्र निषाद सौरभ निषाद विनीत कनौजिया शुभम त्रिपाठी प्रशांत पांडे सत्यम पांडे विकास यादव विनोद श्याम जी रामसूरत माजी रवि सोनकर आकाश सोनकर अखिलेश पांडे अफजल हुसैन अंसारी पंकज कुमार मांझी आशीष कुमार मांझी सुनील पांडे रामसमुझ मांझी शेरू खान सुशील गुप्ता विनय यादव आलोक वर्मा कृष्णा पटेल शिवम यादव सौरभ पटेल विष्णु कुमार यादव आदर्श वर्मा मुकेश कुमार माझी अवधेश कुमार माझी दिलीप कुमार माझी अभिषेक शरद सचिन सुनील सोनकर रवि सोनकर मोनू सोनकर मनु आकाश विकास सोनू अमन माझी सुधाकर माझी सूरज सिंह नवीन कुमार श्रीवास्तव अभिषेक कुमार गुप्ता अनुराग तिवारी और लकी आदि।

# चुनावी तपिश के बीच पार्टियों के समर्थकों द्वारा मारपीट की घटनाओं में हो रहा इजाफा

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) जैसे–जैसे चुनाव की तिथि नजदीक आती जा रही है वैसे वैसे क्षेत्र में चुनावी तपिश के बीच रहने की पार्टियों के समर्थकों द्वारा मारपीट की घटनाओं में इजाफा होता चला जा रहा है जिसके चलते चुनाव के दौरान दंगाइयों द्वारा निष्पक्ष चुनाव में बाधा पहुंचाने की पूरी कोशिश की जाने की संभावना प्रबल होती जा रही है मिली जानकारी के अनुसार इनायत नगर थाना क्षेत्र के ग्राम सभा भागीपुर में पुरानी रंजिश को लेकर राम सजीवन मोरी पर गांव की ही पवन यादव सुशील उर्फ पप्पू यादव राजकुमार आदि ने जमकर मारा पीटा जिसके चलते राम सजीवन मोरिया गंभीर चोट आई वही एक पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने धमकी भरे लिहाज में कहां अभी तो इतना मारा है 10 तारीख के बाद पुनः ताई की जाएगी सूत्रों से पता चला है कि कुछ वर्दीधारी भी पूर्व जिला पंचायत सदस्य का व्यापक रूप से समर्थन कर रहे हैं एवं चुनावी गणित फिट करने में अपनी कोशिश किए जा रहे हैं उक्त घटना को लेकर मौर्य बिरादरी में व्यापक रूप से आक्रोश व्याप्त हो गया राम सजीवन की तहरीर पर 3 लोगों के विरुद्ध मारपीट किए जाने का मुकदमा नगर थाने में दर्ज हो गया उक्त घटना से साफ जाहिर है कि चुनाव जीतने के लिए अब तरह–तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं जिसके चलते जनता मे खासकर भागीपुर में गांव का माहौल व्याप्त हो रहा है यदि समय दंगाइयों पर कठोर कार्रवाई ना हुई तो चुनाव निष्पक्ष होना असंभव सा लग रहा है।

# एआईएमआईएम प्रत्याशी ने किया क्षेत्र का दौरा

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता)इस समय सभी पार्टी के प्रत्याशियो ने क्षेत्र में दौरा तेज कर जनता के बीच जाकर अपने अपने पक्ष में मत मांग रहे है।इसी कड़ी में आल इंडिया मजलिस इत्तेहादुल मुस्लेमीन व भागीदार परिवर्तन मोर्चा के प्रत्याशी शेर अफगन ने अपनी टीम के साथ रुदौली विधानसभा क्षेत्र के मवई क्षेत्र के दर्जनों गांवों का दौरा किया।इन गांवो में शेर अफगन ने लोगों से मुखातिब होकर कहा कि यह नाम निहाद सेकुलर पार्टियां कल भी एक सीट वाली भाजपा का डर दिखाकर दलितों और अल्पसंख्यकों का वोट ले रही थी और आज भी भाजपा का डर दिखा कर हमसे वोट मांग रही है।शेर अफगन ने कहा कि अब हम सब लोगों को इनके बहकावे व छलावे नहीं आना है यह देश संविधान से चलता है और संविधान में सबके अपने अपने अधिकार हैं हम सभी लोगों को अपने अधिकारों को समझना होगा उन्होंने शोषित वंचित समाज के अधिकारों की रक्षा व शोषित वंचित समाज के लोगों की तरक्की के लिए एआईएमआईएम प्रत्याशी को जिता कर बैरिस्टर असद उद्दीन ओवैसी के हाथों को मजबूत करने की अपील की।उक्त अवसर पर जिला सचिव महताब आलम व कफील अहमद,ब्लाक अध्यक्ष इकरार खान,द्वारिका प्रसाद,फैज आलम,सलमान,मो0 शफीक,मो जुबैर,शारिक,हामिद अली,गुफरान अली,एहसान अली,महताब,बिलाल अहमद,तौफीक अहमद,शाहरुख खान,नजीब खान,नदीम खान,मुईन अली अट्ठु सहित भारी संख्या लोग मौजूद रहे।

## सुनील पाठक बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी बीकापुर विधानसभा के समर्थक में राधिका प्रसाद पांडे आगे आए

अयोध्या (संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। अयोध्या विधानसभा चुनाव का पांचवा चरण का चुनाव अयोध्या में होना है उसी को लेकर सारी पार्टी पूरे दम खम से लगे है और अपने अपने पार्टी के प्रत प्रत्याशी का प्रचार प्रसार कर रहे है और अपनी अपनी पार्टी की जीत की बाते कर रहे है। वही अयोध्या में बीकापुर विधान सभा से बहुजन समाज पार्टी से प्रत्याशी सुनील पाठक चुनाव लड़ रहे है। और लोगो से जनसंपर्क कर बहुजन समाज पार्टी की उपलब्धि । बता कर बहन मायावती के हाथो को मजबूत करने की बात किया। वही सुनील पाठक को भारत विश्व ब्राह्मण संगठन के अध्यक्ष राधिका प्रसाद पांडेय ने अपना समर्थन देने की बात कही है। बीकापुर विधानसभा में सभी पार्टी के प्रतियासी ताल ठोक कर मैदान में और विधानसभा का चुनाव लड़ रहे है। तो वही मीडिया से मुखातिफ होते हुये बताया कि बीकापुर में कोई विकास नही हुआ है सड़के खराब है चिकित्सा की सेवा अच्छी नही है बहुजन समाज पार्टी आएगी तो जनता की सेवा कर विकास करेगी और अन्य प्रतियासियो को चुनावी लड़ाई से बाहर बताया और कहा कि मैंने बीकापुर की जनता के हर दुख सुख में सदैव खड़ा रहूंगा और बीकापुर की जनता मेरे साथ है। बहुजन समाज पार्टी को एक बार मौका दे जिससे बीकापुर का विकास हो सके और शिक्षा व चिकित्सा और सड़क व अन्य समस्याओं का निराकरण हो सके और बीकापुर विकास की ओर अग्रसर हो सके।

# वीरांगना झलकारी बाई सम्मान समारोह का आयोजन सम्पन्न

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री मिल्कीपुर क्षेत्र से प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने अपने क्षेत्र में पांच नंबर इनायत नगर पर आयोजित वीरांगना झलकारी बाई सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत किया सइस अवसर पर श्री प्रसाद ने कहा कि जब प्रदेश में अखिलेश यादव की सरकार रहती है तो सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम किया जाता है श्री प्रसाद ने कहा हमारी सरकार में गरीब महिलाओं को पेंशन रु 18000 वार्षिक 300 यूनिट बिजली फ्री किसानों को मुक्त सिंचाई बच्चों को लैपटॉप कन्यादान विद्याधन जैसी तमाम योजनाओं को लागू करके प्रदेश के आवाम को खुशहाली के रास्ते पर ले जाने का काम करेंगे श्री प्रसाद ने कहा की भाजपा सरकार में आम जनता पूरी तरीके से त्रस्त हो चुकी है अयोध्या जनपद की जनता 27 तारीख को पांचों सीट से सपा प्रत्याशी को जीता कर अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का काम करेंगे तभी उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बन पाएगा सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया की वीरांगना झलकारी बाई सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद ने विभिन्न दलों के सैकड़ों नेताओं को सपा में शामिल कराया सभी का माला पहनाकर स्वागत किया स कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला पंचायत सदस्य भोला भारती और संचालन नागेश्वर कोरी ने किया इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला महासचिव बख्तियार खान चौधरी बलराम यादव ओ पी पासवान रामजी पाल डॉ माखनलाल सुनीता कोरी सुनील कोरी आजाद सिंह सुभाष यादव मदन यादव मंजू सरोज आदि इस अवसर पर विभिन्न नेताओं ने सपा की सदस्य जिसमें मुख्य रुप से कांग्रेस नेता पूर्व जिला पंचायत भोला भारती व नीलम कोरी बसपा से शामिल होने वाले हरिराम कोरी जिला सचिव/ प्रभारी मिल्कीपुर हनुमान कुमार कोरी पूर्व कोषाध्यक्ष शिवप्रताप कोरी सेक्टर अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद यादव सेक्टर अध्यक्ष कुलदीप भारती सेक्टर अध्यक्ष रमेश कुमार कोरी सेक्टर अध्यक्ष जा मतनकी प्रसाद चौरसिया बूथ अध्यक्ष रामबहोर कोरी बूथ अध्यक्ष अंगजू प्रसाद बूथ अध्यक्ष अरुण कुमार कोरी बूथ सचिव सुरेंद्र कुमार गौतम बूथ अध्यक्ष अजय कुमार रावत बूथ अध्यक्ष विजय कुमार बूथ अध्यक्ष आदि शामिल हुए।

## भाजपा व अपना दल की बैठक संपन्न

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) बीकापुर विधानसभा क्षेत्र के अरकुना चौराहे पर भाजपा प्रत्याशी डॉ. अमित सिंह चौहान ने अपने हजारों समर्थकों के साथ अपना दल के समर्थको के साथ बैठक की।जिसमें चुनावी रणनीतियों पर वार्ता की।जिसमे वरिष्ठ नेता भाजपा सूर्य प्रसाद श्रीवास्तव भाजपा जिला उपाध्यक्ष कृष्णा कुमार पांडे खुन्नु व डी.एल गोस्वामी भी मौजूद रहे।इस मौके पर श्री चौहान ने मीडिया से मुखातिब होते हुए बताया कि भाजपा सरकार गरीबों की सरकार है किसानों की सरकार है महिलाओं की सरकार है इस सरकार में 8 घंटे की बिजली को बढ़ाकर 18 से 20 घंटे बिजली गांव देहात में भी कर दी गई उन्होंने बताया कि हमारी विधानसभा में एक आईटीआई कॉलेज पूरी तरह से भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ चुका था जिसको हमने सरकार में आते ही पुनः जांच कमेटी बैठा कर नए सिरे से काम शुरू किया और आज वह शिक्षा का मंदिर पूरी ईमानदारी से बनकर तैयार हो गया है।अगर हमारी विधानसभा की जनता ने हम पर विश्वास जताया तो हम अपने पिता जी स्वर्गीय श्री मुन्ना सिंह चौहान की तरह ही अपने देवतुल्य जनता जनार्दन के लिए उनकी सेवा में हमेशा खड़ा मिलूंगा।

# बच्चों के लिये स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम 15 फरवरी को

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) स्वस्थ बच्चे ही समाज व देश को नई दिशा प्रदान करते है।स्वास्थ्य ही सुखमय जीवन का आधार है। आज के बच्चे ही कल का भविष्य है।उनके स्वास्थ्य के उद्देश्य को लेकर अनंत शिखर ट्रस्ट में स्वर्ण प्राशन का कार्यक्रम 15 फरवरी सुबह 9:00 बजे से आयोजित किया गया है ।इस संबंध में अनंत शिखर के प्रबंधक आचार्य डॉक्टर आर पी पांडेय वैद्य जी ने बताया कि स्वर्ण प्राशन का संस्कार सदियों पुराना रहा है जो आज चकाचौंध की विलासिता पूर्ण जिंदगी में भुला दिया गया है। स्वर्ण प्राशन संस्कार में जन्म से लेकर 16 वर्ष की आयु के बच्चों को उनके स्वास्थ्य उनकी सुरक्षा एवं यादाश्त बढ़ाने के लिए योग्य आयुर्वेद मर्मज्ञ द्वारा आयुर्वेद की दवाओं को खिलाया जाता है । स्वर्ण प्राशन संस्कार के बाद बच्चों के स्वास्थ्य एवं मस्तिष्क के विकास में उल्लेखनीय परिवर्तन देखने को मिलता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ जाती है।अयोध्या जनपद का यह तीसरा कार्यक्रम है जो 4 सितंबर को साकेत पुरी स्थित अनंत शिखर भवन में किया जा रहा है।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।